## न्यूज डायरी




### भारत बायोटेक की कोवैक्सीन को कब मंजूरी देगा डब्ल्यूएचओ ?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** जिनेवा। भारत बायोटेक की कोविड–19 वैक्सीन कोवैक्सीन के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन की मंजूरी का इंतजार खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। इसे लेकर अब एक और नई डेट आ गई है। डब्ल्यूएचओ ने कहा है कि अक्टूबर में भारत बॉयोटेक की कोवैक्सीन को हरी झंडी मिल सकती है। इसके पहले जुलाई में कहा गया था कि अगस्त के शुरुआत में ऐसा हो सकता है। फिर अगस्त के अंत तक इसे मंजूरी मिलने की बात कही जाने लगी। डब्लूएचओ ने यह भी कहा है कि कोवैक्सीन के आकलन की प्रक्रिया जारी है। डब्ल्यूएचओ की वेबसाइट पर डब्ल्यूएचओ ईयूएल/पीक्यू आकलन प्रक्रिया के तहत कोविड–19 रोधी टीकों के दर्जे संबंधी 29 सितंबर के नए दस्तावेज में कहा गया है कि भारत बायोटेक की कोवैक्सीन पर फैसला अक्टूबर 2021 में किया जाएगा। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि उसने टीके संबंधी आंकड़ों की समीक्षा छह जुलाई को आरंभ कर दी थी।

### फ्री इलाज की शर्त पर पाक के क्लिनिक में गजब सीन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के एक डॉक्टर का वीडियो इन दिनों सोशल मीडिया पर धूम मचाए हुए है। यह डॉक्टर अपने मरीज के गाने पर जमकर नाचता दिखाई दे रहा है। इस दौरान वहां बैठी एक महिला डॉक्टर की टेबल को ढोलक की तरह बजाती भी नजर आई। यह वीडियो पाकिस्तानी पंजाब के साहीवाल का बताया जा रहा है। हालांकि, किसी स्वतंत्र स्रोत से इस वीडियो के सत्यता की पुष्टि नहीं हो सकी है। पाकिस्तानी पत्रकार गुलाम अब्बास शाह ने इस वीडियो को ट्वीट करते हुए बताया है कि डांस कर रहे डॉक्टर का नाम गजनफर बुखारी है। उन्होंने बताया कि साहीवाल में डॉक्टर बुखारी के क्लिनिक पर एक मरीज आया। डॉक्टर ने मरीज से उसके पेशे के बारे में पूछा। इसपर मरीज ने कहा कि वह एक लोकगायक है। जिसके बाद डॉक्टर ने उसे मुफ्त नुस्खा दिया कि अगर वह उनके लिए एक गाना गाएगा तो वह फ्री में इलाज करेंगे।

### किम जोंग उन की बहन को मिला प्रमोशन, बनीं उत्तर कोरिया की तानाशाह नंबर–2

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सियोल। उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन की बहन किम यो जोंग को दक्षिण कोरिया और अमेरिका को धमकाने का इनाम मिला है। सरकारी न्यूज एजेंसी केसीएन ने बताया है कि किम जोंग उन की प्रभावशाली बहन को देश के शीर्ष सरकारी निकाय में नियुक्त किया गया है। अभी तक किम यो जोंग अपने भाई और उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन की सलाहकार के पद पर काबिज थीं। किम यो जोंग को अब उत्तर कोरिया की स्टेट अफेयर्स कमीशन का प्रमुख बनाया गया है। देश की रबर स्टैंप संसद सुप्रीम पीपुल्स असेंबली ने भी उनकी नियुक्ति को अपनी मंजूरी दे दी है। कुछ दिन पहले ही इस आयोग के कम से कम नौ सदस्यों को बर्खास्त किया गया था।

### दुनिया के इस देश में सरकारी कर्मचारियों के लिए वैक्सीन हुआ अनिवार्य

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** क्वालालंपुर। मलेशिया में सरकार कर्मचारियों के लिए कोरोना वैक्सीन लेना अनिवार्य कर दिया गया है। मलेशिया की सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के लिए कोरोना वैक्सीन लेना अनिवार्य कर दिया है। इस दौरान सिर्फ उन लोगों को वैक्सीन लेने में छूट दी जाएगी जिनको विशेष प्रकार की कोई बीमारी हो। मलेशिया में बुधवार देर रात तक वैश्विक महामारी कोरोना वायरस से संक्रमित 12,434 मरीज पाए गए हैं। मलेशिया में अब तक कुल 22 लाख 32 हजार 960 मामले सामने आ चुके हैं। देश में बीते 24 घंटों के दौरान 208 लोगों की मौत हुई है। इसको मिलाकर मलेशिया में अब तक कुल 26,143 लोगों की मौत हो चुकी है। पूर्ण टीकाकरण करा चुके यात्रियों के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है। पूर्ण टीकाकरण करा चुके यात्री अब अपनी छुट्टियां मलेशिया में जाकर मना सकते हैं। दरअसल, मलेशिया के प्रमुख हालिडे हाटस्पाट इस सप्ताह यात्रियों के स्वागत के लिए कमर कस चुका है।

# पूर्व फ्रांसीसी राष्ट्रपति निकोलस सरकोजी को 1 साल की सजा

**दोषी**

## चुनाव में अवैध पैसे के इस्तेमाल के दोषी करार



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पेरिस। फ्रांस के पूर्व राष्ट्रपति निकोलस सरकोजी 2012 में फिर से चुनाव लड़ने में असफल प्रयास के लिए गैरकानूनी फंडिंग का दोषी पाए गए हैं। उन्हें मामले में एक साल के हाउस अरेस्ट की सजा सुनाई गई है। अदालत उन्हें इलेक्ट्रानिक मानिटरिंग ब्रेसलेट पहनकर घर पर सजा काटने की अनुमति देगी। 2007 से 2012 तक फ्रांस के राष्ट्रपति रहे सरकोजी ने कुछ भी गलत करने से साफ–साफ इन्कार कर दिया है। वह फैसले के खिलाफ अपील कर सकते हैं।

फैसले सुनाए जाने के दौरान सरकोजी पेरिस की अदालत में मौजूद नहीं थे। उन्होंने अधिकतम वैध राशि 27.5 मिलियन डालर (करीब 200 करोड़ रुपये) का लगभग दोगुना खर्च किया था। वह सोशलिस्ट कैंडिडेट फ्रांस्वा ओलांद से हार गए थे।अदालत ने कहा कि सरकोजी जानते थे कि उनका खर्च वैध राशि की लिमिट के करीब पहुंच रहा है, लेकिन अतिरिक्त खर्चों की निगरानी करने में विफल रहे। यह भी कहा गया कि उन्होंने चेतावनी देने वाले अपने एकाउंटेंट से दो नोटों को नजरअंदाज किया।

2007 से 2012 तक फ्रांस के राष्ट्रपति रहे सरकोजी ने मई–जून में मुकदमे के दौरान गलत काम करने से सख्ती से इन्कार किया था। वह फैसले के खिलाफ अपील कर सकते हैं। 66 वर्षीय सरकोजी को एक मार्च को भ्रष्टाचार और एक अन्य मामले में प्रभाव डालने का दोषी पाया गया था। इसके बाद अब वह गैरकानूनी फंडिंग मामले में दोषी पाए गए हैं। उन्हें उस मामले में एक साल की जेल और दो साल के लिए निलंबित कर दिया गया था, लेकिन अपील लंबित है।

अभियोजकों ने तर्क दिया कि सरकोजी अपने अभियान के वित्तपोषण के लिए जिम्मेदार एकमात्र व्यक्ति हैं और उन्होंने कई रैलियों का आयोजन करके वैध राशि की सीमा को पार कर दिया। सुनवाई के दौरान सरकोजी ने अदालत से कहा था कि अतिरिक्त पैसा उनके अभियान में नहीं लगा, बल्कि अन्य लोगों को अमीर बनाने में मदद की। उन्होंने किसी भी धोखाधड़ी से इन्कार किया। उन्होंने यह भी जोर दिया कि वह संगठन को नहीं संभालते थे, क्योंकि उनके पास ऐसा करने के लिए एक टीम थी और इसलिए खर्च की राशि के लिए उन्हें दोषी नहीं ठहराया जा सकता। आरोप था कि लीबिया के पूर्व तानाशाह मुअम्मर गद्दाफी ने सरकोजी को नोटों से भरा बैग दिया था।

**पहले भी मिल चुकी है जेल की सजाः** अदालत ने तब कहा था कि सरकोजी घर पर हिरासत में रहने का अनुरोध कर सकेंगे और उन्हें इलेक्ट्रॉनिक पट्टी पहननी होगी। हालांकि, दो साल जेल की सजा निलंबित होने से उनके जेल जाने की संभावना कम है। वहीं, उनके पास फैसले के खिलाफ अपील करने के लिए 10 दिन का वक्त है।

## भारत से यूएई जाना हुआ और भी ज्यादा महंगा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** अबू धाबी। कोरोना के मामले कम होने के बाद भारत और यूएई के बीच हवाई सेवा एक बार फिर शुरू हो चुकी है। इसी के साथ दोनों देशों के बीच हवाई मार्ग एक बार फिर सबसे व्यस्त एयर रूट्स में से एक बन गया है। उड़ान की भारी मांग का असर फ्लाइट टिकट की कीमतों पर पड़ रहा है। अगले हफ्ते दुबई में एक्स्पो 2020 दुबई का उद्घाटन होगा जिसकी वजह से बड़ी संख्या में भारतीय विजिटर्स यूएई पहुंच रहे हैं।

ट्रैवल एजेंसी के प्रवक्ता ने कहा कि कमर्शियल उड़ानों पर पांच महीने के बैन ने बैकलॉग को जन्म दिया। भारत में फंसे हुए कई यूएई निवासी जल्द से जल्द वापस आना चाहते हैं। वहीं कई भारतीय नागरिक यूएई से भारत अपने घर या छुट्टियां मनाने के लिए उड़ान भर रहे हैं। साफ है कि फ्लाइट बैन हटने से दोनों तरफ के यात्रियों में हड़बड़ी है।

नई दिल्ली से दुबई की उड़ान का किराया Dh2,000 से Dh3,000 है। कुछ हफ्ते पहले यह एक सीट के लिए वी1500 था। मुंबई से दुबई के लिए उड़ान भरना थोड़ा सस्ता है। एक टिकट की कीमत यहां वी1700 है। वहीं कोच्चि–दुबई रूट पर एक टिकट के लिए वी1500 खर्च करने पड़ेंगे। जुलाई में ये कीमतें Dh1,000 से कम थीं।



### ट्यूनिशिया में पहली महिला के प्रधानमंत्री बनने से दुनिया हैरान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ट्यूनिश। ट्यूनिशिया के राष्ट्रपति ने एक ऐतिहासिक ऐलान किया। उन्होंने देश की पहली महिला प्रधानमंत्री को नामित किया। राष्ट्रपति ने उनके पूर्वाधिकारी को बर्खास्त किए जाने के बाद एक अंतरिम सरकार का नेतृत्व करने के लिए इंजीनियरिंग स्कूल की टीचर 63 साल की Najla Bouden Romdhane को इस पद के लिए चुना है। अरब देशों में यह पहली बार है जब किसी महिला को देश की कमान संभालने के लिए मिली है। शायद इसीलिए इन देशों में महिलाएं खुद पूरी तरह से स्वतंत्र नहीं हैं क्योंकि उनका नेतृत्व हमेशा से पुरुषों ने किया। खैर.. जो सुर्खियां बनीं उनमें इसे हैरान करने वाला फैसला बताया।

## अर्थव्यवस्था में उल्लेखनीय बदलाव के दौर से गुजर रहा भारतः आस्ट्रेलियाई पीएम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कैनबरा। आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्काट मारीसन ने गुरुवार को कहा कि भारत अपनी अर्थव्यवस्था में उल्लेखनीय बदलाव के दौर से गुजर रहा है। नई ऊर्जा अर्थव्यवस्था पर दोनों देशों की साझेदारी के संबंध में भारतीय मीडिया से आनलाइन बातचीत में मारीसन ने कहा, व्यावसायिक पैमाने पर प्रौद्योगिकी को अपनाने की क्षमता नई ऊर्जा अर्थव्यवस्था (एनईई) की सफलता की कुंजी है और भारत इसे समझता है। भारत अपनी अर्थव्यवस्था में उल्लेखनीय बदलाव के दौर से गुजर रहा है और वह अपनी ऊर्जा अर्थव्यवस्था के भविष्य की

**पीएम मोदी व मारीसन के बीच विभिन्न प्रस्तावों पर सहमति बनी**

तलाश में है। हाल ही में क्वाड नेताओं के सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मारीसन के बीच विभिन्न प्रस्तावों पर सहमति बनी थी। इनमें कम कार्बन उत्सर्जन प्रौद्योगिकी साझेदारी पर समझौता शामिल है।

मारीसन ने कहा कि आस्ट्रेलिया का दृष्टिकोण अगले 30 वर्षों में पूर्ण बदलाव के साथ नई ऊर्जा अर्थव्यवस्था को लागू करना है। इसका उद्देश्य प्रौद्योगिकी आधारित अर्थव्यवस्था के जरिये विकास और रोजगार सृजन सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा, लेकिन, इसके लिए धैर्य बहुत जरूरी है। इसलिए, हम प्रौद्योगिकी पर एकसाथ काम कर रहे हैं। मुझे लगता है कि यह एक अहम साझेदारी है और हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि दोनों देश संक्रमण के इस दौर से गुजरने में सक्षम हैं। लेकिन, इससे भी कहीं अहम यह है कि आप इसे कैसे करते हैं। यह सिर्फ लक्ष्यों को निर्धारित करने और काम शुरू करने जैसा नहीं है।

आस्ट्रेलियाई पीएम ने कहा कि ये प्रौद्योगिकी सिर्फ उन्नत अर्थव्यवस्थाओं के लिए ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए हैं। उन्होंने कहा कि पिछले हफ्ते क्वाड्रीलैटरल सिक्योरिटी डायलाग (क्वाड) की बैठक में भी कहा गया कि नई ऊर्जा अर्थव्यवस्था को लेकर पूरी दुनिया में उत्साह है।

### तालिबान सरकार बनने के बाद पाकिस्तान में बढ़े आतंकी हमले

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। अफगानिस्तान में तालिबान सरकार बनवाना पाकिस्तान के लिए भारी पड़ता दिखाई दे रहा है। तालिबान के काबुल पर कब्जे के बाद पाकिस्तान में आतंकवादी हमले तेजी से बढ़े हैं। इन हमलों ने पिछले चार साल का रिकॉर्ड तक तोड़ दिया है। इसके बावजूद पाकिस्तानी सेना और इमरान खान सरकार अवाम की परवाह किए बिना तालिबान की तरफदारी में जुटी है। साउथ एशिया टेररिस्ट पोर्टल के आंकड़ों के अनुसार, अफगानिस्तान पर तालिबान का नियंत्रण होने के बाद आतंकवादी घटनाएं बिजली की तेजी से बढ़ी हैं। रिपोर्ट से पता चला है कि अमेरिकी सेना के अफगानिस्तान से वापसी के बाद पाकिस्तान में आतंकवादी हमले चार साल उच्चतम स्तर पर पहुंच गए हैं। विशेषज्ञों ने भी चेतावनी दी है कि अस्थिर अफगानिस्तान इस्लामाबाद के लिए बड़ा खतरा बन सकता है। ब्लूमबर्ग के लेटेस्ट रिव्यू में बताया गया है कि पाकिस्तान ने अकेले अगस्त में कम से कम 35 आतंकवादी हमले हुए हैं।